महाराष्ट्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड

(नागपुर मेट्रो रेल परियोजना)

- **उज्वल नगर मेट्रो स्टेशन पर गोंड संस्कृति आकर्षक झलक**
- **सी - २० की तैयारी जोरों पर**

नागपुर: महानगर में जी - २० के अंतर्गत सी - २० के नाम से चर्चित सिविल सोसायटी २० सम्मेलन की तैयारी विविध एजेंसी द्वारा जोर - शोर से की जा रही है । महामेट्रो की ओर से उज्वलनगर मेट्रो स्टेशन पर आदिवासी गोंड संस्कृति का चित्रण किया गया है । गोंड संस्कृति की प्रतिकृति का निर्माण बेहद आकर्षण तरीके से किया गया है । मेट्रो स्टेशन के मध्यभाग में गोंड संस्कृति के विविध उपक्रमों को चित्रों के माध्यम से संजोया गया है।

सी - २० सम्मेलन विदेशी प्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल होंगे । इनके स्वागत के लिए विभिन्न एजेन्सियों द्वारा शहर को सुंदर और आकर्षक बनाने का दिन रात काम किया जा रहा है । महामेट्रो ने उज्वल नगर मेट्रो स्टेशन पर आदिवासी गोंड संस्कृति को चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत कर शहर को सुंदर बनाने में सहयोग किया है ।

आदिवासी संस्कृति को दर्शाने के लिए पिलरों के बीच की जगह का उपयोग किया गया है । पहले मध्य स्थान में, ११ आदिवासी पुरुष और महिलाओं को लोक संगीत की धुन पर नृत्य करते हुए प्रस्तुत किया है । जो आदिवासी जीवन शैली का हिस्सा है । आदिवासियों को हाथों में हाथ डाले और वाद्य यंत्र बजाते दिखाया गया है। पुरुषों और महिलाओं ने जनजातीय वेशभूषा के साथ विशिष्ट टोपी पहन रखी है ।

दूसरे स्थान पर झोपड़ी दिखाई गई है । इसी प्रकार अनाज के भण्डार वाले गोदाम को भी चित्रित किया गया है। इसके अलावा, उन्हें अपनी दैनिक आवश्यकताओं के लिए जंगल की लकड़ी ले जाते हुए भी चित्रित किया गया है । चित्र में ग्राइंडर पर काम कर रहे एक पुरुष और महिला को दर्शाया गया है ।

तीसरे और अंतिम स्थान पर गोंड समुदाय के सदस्यों को अपने दैनिक कृषि कार्यों को पूरा करने के बाद घर लौटते हुए दिखाया गया है । मध्य स्थान में एक पेड़, बैल की जोडी और एक पालतू कुत्ता भी दिखाया गया है । दोनों ओर सजावटी पौधे लगाए गए हैं । स्टेशन परिसर में की गई कलाकृति की पूरी श्रृंखला आदिवासी गोंड समुदाय की जीवन शैली को दर्शाती है । राहगीरों के लिए यह क्रिएटिव आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं ।